दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2024–25 दिनांक : 20.03.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 20.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में स्नातक प्रथम एवं तृतीय वर्ष के स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि परम्परा के निर्वहन व प्रगति के प्रदर्शन के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम प्रोत्साहित करते है। समाज में संस्कारित विद्यार्थी एक सभ्य समाज के निर्माण में सहयोगी बनते हैं। हमारी भारतीय परम्परा नवागत का स्वागत एवं वरिष्ठ के सम्मान में हमें तत्पर करती है। किसी शिक्षण संस्था का समग्र विकास उसके प्रत्येक घटक के समन्वय की होती है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के चौमुखी विकास का आधार होते है। विद्यार्थियों को समय की कीमत समझने के साथ ही मर्यादा का भी सदैव ध्यान रखना चाहिए।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अपनी रूचि के क्षेत्र में आगे बेहतर और अपेक्षित योगदान दें तो इस देश की प्रगति में सम्यक प्रयास होगा।

कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अपनी गीत, संगीत, धार्मिक गीत और नृत्य से सम्पूर्ण माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें प्रिया श्रीवास्तव, शैली, प्रभास, आलोक, महिमा, सुयश, प्रशांत एवं वैष्णवी आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विवेक प्रजापति को मिस्टर फ्रेशर एवं शैली को मिस फ्रेशर चुना गया। इसके साथ ही प्रशान्त मिश्रा को मिस्टर फेयरवेल एवं हिमांशी त्रिपाठी को मिस फेयरवेल चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन श्रेया तिवारी व सुयश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. निधि राय, डॉ. विभा सिंह, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. धीरज सिंह, डॉ. शिव कुमार, डॉ. कामिनी सिंह, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा डॉ. सरिता सिंह, डॉ. अनुपमा मिश्रा, डॉ. जागृति विश्वकर्मा, डॉ. समृद्धि सिंह, डॉ. दीपक सिंह, श्री आशुतोष दूबे सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क